मिलना मिलाना सीखा सिखाया
सभी को गले लगाना हमें बताया
बदले इतिहास की यादें ताजी रहे
यही तो गणतन्त्र दिवस ने याद कराया ।।

हक हमारे सदा सुरक्षित हैं
इस विशाल भारत के जन हम हैं
गाते गीत आजादी की याद के हैं
मिटाते ताप हम ही भारत वासी हैं ।।

क्या रखा भेद भाव में शेष क्या
क्या मिला देगें प्रसाद में शेष क्या
हम भारत के लोग एक आवाज है
इस भारत मां के हम सभी सपूत हैं ।।

देख लो आज हम सव साथ हैं
सुभाष जवाहर गान्धी का वह भारत है
मत भूलो देश के ये कारणधार हैं
तभी तो मिला हमें गणतन्त्र भारत है ।।

करो प्रण आज 26 जनवरी है
हटा दो आतंकवाद भी इस धरती
सीखो प्यार हेल मेल आज ही
मत भूलो हम सव है भारतीय ही ।।

शीशे का महल

रस राज मन भाता है
मनो कामना यूं कहती है
तुम खेलो हंसो बचपन में
बीता समय हाथ लगता नहीं ।।

आयेगी जवानी कुछ दिन ही
होगी सज-धज भी तन की
कुछ रहन सहन सजा होगा
अपनों का भी वो मज़ा होगा ।।

बनेंगें घर कुछ नये नये
लगेंगें शीशे अपने महल में
चहल-पहल भी तो होगी जारी
क्या कहूं अब सजा हुई भारी ।।

जुटे दिन रात पाने स्वर्ग राज
भूखे प्यासे वे रहें परखे काम
सुख चाहने वाले कष्ट में पड़ा है
दो दिन का बसेरा तेरा घर है ।।

धन कमाया लाग महल में
तन का जोड़ा भी वहीं मिटा
लूटा माल सभी इस महल में
पर बसना कहां नसीब सुख में ।।

सज-धज में यूं जवानी बीती
महलों की रौनक भी फीकी लगी
शीशे के महल, पर रोग लगे
सुख नींद कहां सोना अब मिले ।।

जो कमाया धन था वह खो दिया
शीशे का महल भी तो दागी हुआ
अपनों ने उसे कहां बनाये रखा
अब तो वह टुकड़ो में बंट गया ।।

कौन कहता जो बनाया सदा रहेगा
जो कल था राज महल बसाया
वह आज खण्डहर ही रह गया
यूं मानव तूं सुख खोज में
भरमाया ।।

पक्षी क्या कह गया

देख सुन बाले बाहर डाल पर
यह पक्षी सवेरे ही गाता रहता
आम की इस डाल पर हर रोज
आता
बोल यह पक्षी क्या-2 गा जाता ।।

सुनो मुझ वाला ने सुना राग पुराना
गा गया पक्षी अपना गीत पुराना
गाते रहे बाप दादा माता पिता भी
यही गीत गा गया यह पक्षी भी ।।

राग तर्ज वही है इस राग की
सब रागों में विहाग राग गाता है
उठो जागो करो अपना काज जारी
क्यों सोते हो अब प्रभात है भाई ।।

पक्षी गाता रहता मित इस डाल पर
मत भूलो अपनों के चलाये काम को
रीति रिवाजों में मत तुम भूल करो
अपनों को सदा तुम याद करो ।।

पक्षी जागा जागे सभी बाल बृद्ध
यही राग सुन जागे सभी जन
तुम जागो करो यही जन हित
अपनों का चलाये रखो स्वरध्वन ।।

पक्षी कहता प्रातः तुम करो धर्म
निज कर्म में जुटे रहो सारा दिन
परिपाटी बनाये रखो पूर्वजों की तुम
मत छोड़ों अपना प्रिय घर तुम ।।

कुदरत के नियमों पर चलो तुम
कुदरत को मत कभी भूलो तुम
आये हैं सभी जीवधारी इसी जग
बांटो प्यार सभी जीव उसके धन ।।

ओ पक्षी दे गया सन्देश सदा
मत हिंसा जीव की करो तुम
मीठी वाणी स्वर ताल भी मीठा
सारा जगत उस विधाता का अपना ।।

पत्ते का झड़ना

झड़ते देखे पत्ते भी हैं
समय पर ये पत्ते हरे थे
सुहाने सजे वृक्ष पर थे लगे
हरे भरे ये पत्ते थे लगे भले ।।

आई पतझड़ की रीत भी
झड़े पत्ते डाल से ही थे
कुछ पीले कुछ हरे भी थे
तकदीर में जीवन यही था ।।

आता जो इस दुनिया में है
इक दिन पत्तों की तरह झड़ेगा
सजधज तो क्या सड़ना पड़ेगा
रौंदें के हर कोई पैरों तले ही ।।

कितनी मतलब भरी दुनिया है
जो सुन्दरता पर गले लगाती है
पर अन्त काल उसे मिट्टी में मिलाती है
पत्ता तो खाद बनाता ही रहा है

ओ इन्सान तेरी जवानी देखी है
कल बुढ़ापा भी आयेगा ही
तुझे तेरे अपने ही कहेंगे यही
अच्छा होता मौत ले जाती अभी ।।

तेरे तन के साज ढीले होंगे
चलने फिरने के लाले होंगे
तूं चाहेगा सेवा भी अपनी
पर तेरे अपने कुछ निराले होंगे ।।

झड़ना और मिटकर देना कुछ
पत्तों ने ही रीत अपनी बनायी
तूं इन्सान क्या रीत बनायेगा
तूं तन को मिट्टी का ढेर बनायेगा ।।

मिटना और कुछ छोड़ना होगा
मरना भला वही भला होगा
जो बोझ बनकर जीते रहेंगें
भले वे पत्ते से कभी न होंगे ।

झड़ना और सदा मिटना सिखो
जन हित में सदा मिटना सीखो
पत्ते झड़े पर काम फिर हैं आये
यही मरना मिटना पत्तो ने बताये ।।

आँखों का काजल

लगा ले काजल आंखों में साजन
यह श्रृङ्गार का अंग है साजन
आंखें जग को दिखाती है साजन ।।
मत काजल से दूर हट साजन ।।

ओ आंखों के काजल में रमा है
मस्ती भरा इक मिलन ढला है
यह रंग काला पर जग भला है
मस्ती भरा यह मेरा अपना मन है ।।

काजल की कजली आंखें साजन
देख मुखड़ा आईने में साजन
रंग काला आंखें चमकी साजन
अजब ढंग इस काजल के साजन ।।

ओठों की लाली मस्त मतवाली
बिन्दीया की लाली सुहाग निशानी
काजल की कालिम प्रेम निशानी
ओ मस्त आली अब हुई मतवाली ।।

देख भौरा भ्रम जाल है अटका
अपने पराये की पहचान में भटका
रंग काली काजल पर साजन मस्त
देखा चमत्कार काले में भी सजावट ।।

लूट रहे हैं रस मधुशाला में
आंखो से प्रेम नीर है बहता
साजन तुम बिन यह अटका है
क्यों काजल में तू भटका है ।।

उधर रस लूटा फूल से तूने
कजली आंखों में क्या देखा तूने
इक प्रेम की प्यास जगी है मन में
तुम गाओ गीत इस मिलन में ।।

आंखों के काजल में भ्रम जाल है
आओ देखो साजन इस मन में है
यही निशानी प्रीतम की कहानी है
आयेंगे प्रीतम कजली आंखें निशानी है ।

वीरों की पहचान कर लो

मिटना और मिटाना कौन जाने
अपने घर की जो सार पहचाने
मिटे शहीद भगत सिंह ही थे
मिटामा पर तजंता का रोग था ।।

गरज भरते बीर जब इस धरा
मेघ फट जाते होता है सवेरा
बिजली की कड़क होती तभी जारी
बरसा वरसती छाती फिर हरियाली ।।

आते जब बीर पुरुष कांपती धरती
उड़ जाते सभी पक्षी भागते बन वारी
दहाड़ते ये शेर तब छाती अन्धयारी
देखे से होश गुम होते देखे दुराचारी ।।

करतब वीर अपना जताते हैं
तब क्या कर सके दुराचारी
इतिहास में नाम छप जाता है
मिटना मिटाना जाने ये पुजारी ।।

तुम खून दो मैं दूगां आजादी
कहना सुभाष का था अभी जारी
हजारों नौजवान यूं आगे बढ़े
मानों वीरों का खून खौलता था ।।

वीरों की आवाज पर गूंजते हैं नर नारी
गान्धी के नाम पर फाके काटते ये भारती
सत्यग्रह नाम पर विदेशी वस्त्र फूंक डाले
नंगे रहना मान लिया पर बिदेशी
हकूमत नाहीं ।।

महल छोड़ भागा अमीर भारतीय
सुख नींद छोडी, छोड़ी घर वारी
यूं जवाहर ने पाई जेहलों की ठोकरें
धन्य गान्धी तेरी विजय की कहानी ।।

यूं वीर जब चलते हैं आगे
जन समूह पीछे सारा उमड़ता
यही तो सदा अमर दान पाते हैं
सत्य ही वीर पुरुष कभी नहीं मरता ।।

बादल

बरसो बादल अब बरसो
धरणी तल पर आई बरसो
अब सावन आया बरसो
मोर मन भावन आई बरसो ।

धरा पुकारती अब बरसो
जरा देर कर दी है अब बरसो
निहारते किसान पुकारते बरसो
बादल तुम तरसाये बिन बरसो ।

नील गगन में आई बरसो
अपने रुप रंग में आई बरसो
थक गई आंखे अब बरसो
देख हमारे बेहाल पर बरसो ।

गमगीन धरा पुकारे बरसो
राजा रंक निहारते बरसो
कब से गए मेघा अब तुम आई बरसो
दादुर मोर आई है अब बरसो ।

नींद कहां जो तुम न बरसो
प्रीत कहां जो तुम न बरसो
धीरज कहां जो तुम न बरसो
अब सुख नहीं यहां जो तुम न बरसो ।

सुख की वेला बादल देता
हरियाली जीवन दान यह देता
नवगुण भण्डार बादल देता
शान्ति का ज्ञान बादल देता ।

कालें रंग के काले मेघा
चमके बिजली धमाके देता
धरणी तल हिलते देखा
मोर चकोर शोर शोर ।

आओ बादल बरसो बादल
वेला अब मंगल गायें
बजेगा बाजा चमक है भारी
ये नदियां नाले भरी-2 जाहीं ।

किसान उठा हल लिए जाये
सृष्टी में एक हरियाली लाये
हो तब नया सृजन तेरा
आओ राज तिलक चढ़ांयें तेरा ।

वसुधा नवनीत श्रृंगार करेगी
दुलहन बनकर सजी खड़ेगी
तूं सजा वन हारा मन भावन
पति तुल्य है धरणी साजन ।

देव दानव का पोषक
धरणी का मन भावन
निज नूतन नित रक्षक
आई बरसो तुम साजन ।

ये नदियां ये सागर पुकारे तुझे साजन
भेद नहीं कुछ तेरा ओ धरणीं नागर
अब बिरह अग्नि जल उठी है
दौड़े आओ हटा दो यह जलन।

शान्त—2 मन है तेरा
पर गर्जन पर तूँ है यमराज
तेरी सहेली चमकती जब गगन
तो दिल पिघल जाता है तेरा।

तूँ धर्म रक्षक गर्व गहरी
पर देता दया दान भारी
मौन सहती कष्ट धरणीं
पाप मेटनें आता धरणीं।

नींद

रात तुम कितनी भली हो
नींद तुम्हीं हमें देती हो
दिन की थकान नींद हरती
प्रातः ही ताजा जीवन देती।

अन्धेरी रात पर नींद तुम आती
पता नहीं तुम चुपके कैसे आती
स्वर मेरी जीभा को चुप करती
आंखें भी देख बिन रह जाती।

नींद तुम हमें नित देती नया जीवन
नींद तुम हरती मेरे जीवन का ताप
सदा नींद तुम्हीं आती हो मेरे पास
मैं लोट पोट हो जाता जब होती मेरे पास।

गहरी निद्रा जो आती है एक वार
पर हर रोज तुम आती हो कुछ देर
सारे जग में छा जाती खामोशी
मानों तेरा छाया है जादू यहां पास।

जीवन जगत सो जाती आली
कुदरती तब करती हास बिलास
सूना जहान तूं करती रात
मानों राज तेरा ही है इस जहान।

नींद तु सबकी देवी महान
चाहते तेरा प्रभात यहां सब जीव
तेरे आदेश की छाया है महान
पाते सब तेरे नूर का जहान ।

नींद तुम हमें नहीं आती जिस बार
हमें दर्द सी अन्धयारी मिलती पास
दिवस की चमक भी नहीं देती साथ
अंग सिथिल से नजर पड़ते हैं साथ ।

रोग भोग [में] तुम जाती दूर हो
शौक विरह में नहीं आती पास
हर दम सताती हो प्रेमी को
जो यादें करता तड़पे दिल के साथ ।

नींद तेरा जादू भरा हाथ है
नींद तुम जीवन दाता भी है
नींद हम चहाते तुझे हर रात
रात से तेरा पक्का ही नाता है ।

रात को ये घड़ियों तुझे ज्यादा प्यारी
रात के अन्धेरे में ज़्यादा तेरा वास
तूं सूने जहान की रानी मतवाली
प्रेम दिवानी दर्द अविनाशी जीवन दाता हो ।

नेता की भूख

तुम दरवार में सजे
बात करो ।
हर दरवारी से बात समझते
नजदीक में ।
हम दर्द को सजा है
प्यास मान की ।
दौड़ते घूमते चिराग हैं
पीते रस भरा गिलास
दौड़ दौड़ में ।।
भरते नहीं सांस नहीं
मिलते हैं आपस में
पर टकरान में
सच यही है
दौड़ दौड़ दौड़ ।।

विरह वेदना शान्त

देख रहे नजारा सजे
प्रेम है
बर्ष रहा जब ओलों का
मरते हुये खटमल
टूट रहे पत्ते, डालियां
नजर नहीं मच्छर
है धरा पर यहीं धरा
सोया पड़ा
अन्धकारी दानव ।
मौन है
सब कुछ पास क्यों है
ठण्डी गर्मी सांसों में
चलती हवा भी वेग में
शीतल तन फिर आंसु
बन रही है ।
शान्त शान्त शान्त

(63)

मेरे स्वप्नों का संसार

जहाँ मान, धर्म विजय निशान
जहाँ रहते ज्ञानवान इन्सान
धरती पर मानवता का विधान
सच पूछो तो यही है संसार।

रहना संसार में अपने साथियो
पर भ्रम जाल डुला यहाँ साथियो
कहीं पहाड़ दरिया और सागर
रोकन बैठे तुझे यहां आलम।

स्वप्न साकार यहां करते हैं
अपने पराये यहाँ समझते हैं
क्या भेद देना है अपना हमने
हमें तो कर्मवीर ही बनना है।

पथ हमारा बदलता रहेगा
कदम हमारे बढते रहेंगे हरघड़ी
पर समय तो गुजरता रहेगा
पर स्वप्नों का संसार कहां रहेगा।

इक समय ऐसा आयेगा
यहाँ प्रलय मच जायेगा
सब कुछ धरा रह जायेगा
स्वप्नों का संसार टूट जायेगा।

देख समझ ले माली
बाग तेरे में रह हरयाली
खिले फूल फल सदा यहां
पर मिटे न तेरी निशानी ।

हर विछोह इक रूलाई
पर संसार तो स्वप्न है भाई
मत इस पर ललचा तू जा
यह तो छोड़ना तूने भाई ।

जहाँ सुख की घड़ियां बीती
वहाँ दु:ख ने दी रूलाई
है संसार में दु:ख सुख
पर फिर भी जुदाई है भाई ।

जो हमने अपना समझा
वही छोड़ चला हमें
इक दिन हम भी जायेंगे
स्वप्नों का संसार अपना ।

भेद भाव की दीवारें तोड़ना
रंग रूप के स्वप्नों में घूमना
सब संसारी भेद हैं भाई
मौत सामने खड़ी है भाई ।

प्रेम कहाँ

ता देते मेरे महल वालो
ते हैं ।
ंपड़ियों में सोये पढ़े निदान
रते पेट हैं ।
लती धूप भी हैं यहाँ
ाटते खेत हैं ।
सल देते हैं कीट वे
ाते लोग हैं ।
ौर फिर सब को याद
पसीना निकलता
दया भरी आवाज़
पूछता हूं,
क्यों यह रोग शोक है ।
जब मानव है दानव
पीता लोहू जोश में
हंसते वे लोग हैं।
क्या यही है
प्रेम प्रेम प्रेम ।।

विष की मौत में

ुम सब शौकीन बने
बड़े हैं ।
ूड में मिला हुआ रूप
जलते हुये दिल
भरते बाहें नव युवक
नाचती हुई बालियां
गिरते हुए बांध
और यहां सब ओर
कूद पड़ता
विलासी मानव ।
समझता है ।
पर सोचता क्यों नहीं
इस लजीली चाल को
विष भरा प्याला धरा है
मौत में मज़ा है ।
शौक यही है
मौत मौत मौत ।।

बर्षा ऋतु

पाते पवन पालक पदक हैं।
ताल तालव तव तक है।
जब जाल जग जगा है।
करते काम काज कब है।
लाल लाली ललित लगी है
बाल चक्र चकित चली है
गगन गूंज गरज गई है।

घोर घटा घन घटित है
टाप टाप टपक टपकी है
फल फूल फटित फली है
धन्य धर्म ध्वजा धरी है।
मोर मोरनी मद माती है
नाग नागनी नाच नचाती है
दो दिल दिलगी दागते हैं
विधाता बाल वतन वासी है।

रात

रात का काला रंग
देता नया रंग।
सोता जगत है सारा
जब आता चन्द।
तारे गगन पर हैं
देती सजा अन्धयारी
विचरते है वनचारी
यह है रात की कलाकारी।
रात का मन नही काला

यह लाती मंगल वेला
रात ने दिया प्रभाती उजवाला।
चहक महक भी झलकीती
दूर भागती थकान भी
यह है गौरव भरा गान ही
रात का है नहीं मन काला।
मिलती है तब पूर्ण शान्ति
मत भूलो रात को साथी
यही तोड़े देती जागृति।

अधिकार

बाजू बाहर निकालो
सिर पर कफन बान्धो
हाथ खोल कर देखो
साँच पर आँच कहाँ ।।

लड़ाई हो जो लड़ाई
भेद भी हो भेद भरा
राजा पर रंक अधिकारी
पर कर्तव्य हो पूरा भाई ।।

धर्म पर धर्म समान हो
भेद भाव का न अंश हो
लेन देन का न भेद हो
फिर अधिकार क्यों न हो ।।

अधिकार जो छोड़ते हैं
वे भीरुता के रोडे हैं
सत्य के लिये अधिकार हो
कर्तव्य में अधिकार हो ।।

मिलता अधिकार जरुर है
पर दम में अगर दम हो
वीरों का कर्म कौशल प्रबल है
जो लेते अधिकार रण में ।।

अधिकार, भूमि पर बराबर समझो
अधिकार धर्म पर बराबर समझो
मिट जाओ सदा अधिकार पर
हस्ती बनती तभी है मानव की ।।

मानव मान महान तेरा
फिर दूर अज्ञान तेरा
जो जानता अधिकार लेना
वही जीवित है सदा घनेरा ।।

प्रेम की ज्वाला

मर मिटे प्रेम के दिवाने
कह गये इतिहास पुराने
ज्वाला प्रेम की जब जली
दो दिलों की आग जली ॥

फिल्मों में बात प्रेम की चले
दो दिलों की दिलगी हिले
हर साज आवाज में दिल मिले
यही आग शोला बनकर जले ॥

हर जगह दो दिल हैं मिले
जग में प्रेम ज्वाला जले
हर जन करे यह ताप सने
जीवन राज ज्वाला से बने ॥

देश धर्म जाति यह न जाने
भेद प्रेम में नहीं जाने
बस प्रेम में मस्त दिवाने
दिल की बात दिल जाने ॥

इन्तज़ार चाहे हो लम्बा
फाके फकीरी के हों फंदे
पर प्रेम छुपाये न छुपे
प्रेम की ज्वाला यूं जले ॥

जीवन में जीना इक कला
पर यह मस्ती प्रेम की ज्वाला
दूर रहे जो जन है भला
तो क्या जीवन सफल है भला

प्रेम के फंदे में बड़ी सजा
प्रेमी में तेज है इक वला
सत्य कर्म सत्य प्रेम भला
झुकते देव हैं, देख यह वला ॥

आग प्रेम की जहाँ जली
देश में आग वहाँ जली
भस्म हुए वहाँ कंटक सारे
याद दिलाते इतिहास पुराने ॥

योग साधे प्रेमीजन मिले
मौत भी हार माने चले
तेज जब प्रेम का जगे
सब रूकावटें दूर भागे ॥

आग प्रेम की जब तप न वने
भूख प्यास भी तन में न जगे
बिरह आग की ज्वाला भोजन बने
सत्य प्रेम के योगी सिद्ध पुरुष बने ॥

जिस तन यह ज्योति न सने
वह दिल नहीं समसान बने
रोग यह बिरह व्यथा जागे
शोक कहाँ इन्तजार जो रहे ॥

आग प्रेम की जहाँ जगे
सृजन नया वसुधा पर बने
विछड़े प्रेमी जब भी मिले
तपन हर में भगवान मिले ॥

भक्ति की ज्वाला

मीराँ की भक्ति, सन्तों की वाणी
भक्ति ज्वाला की अमर कहानी
धर्म वीर जब शक्ति पाते हैं
तब धरा हर भगवान आ जाते हैं ॥

सूर तुलसी ने यह आग जलाई
विश्व भर की धूम मची भाई
यह आग पार ब्रह्म परमात्मा ने जलाई
सत्य कहूँ दिव्य ज्योति धरा पर आई ॥

ज्ञान ज्वाला यूँ चमकी वसुधा आई
दौड़े सन्त जन भागवाँ चोला पाई
शब्द ब्रह्म की जननी यह ज्वाला भाई
तो देवता शिवगण दौड़ी-2 धूमा पाई ॥

सूर्य तेज पूंज यहाँ अटल भाई
यही तेज देता जीवन दान भाई
सभी को देता शव्द ज्ञान यहाँ भाई
समझो भक्ति मार्ग का मर्म यहाँ भाई ।।

शव्द ब्रह्म है ज्वाला है भाई
देश धर्म से ऊपर विश्व धर्म भाई
सत ज्ञान का शव्द सत वचन भाई
यही वाणी सन्तों ने है गाई ।।

आत्म ज्ञान की वीणा कृष्ण ने सुनाई
राम ने मर्यादा धर्म की माया गाई
दिव्य ज्ञान का मर्म ही तेज पुँज है भाई
भूख इसी से तन मन की मिटे भाई ।।

समझो तेज को अपना भाई
तेज विन शव्द कहाँ भाई
भक्ति ज्वाला मन में जगाओ
फिर मंगल मय जीवन पाओ ।।

हम सत्य प्रेम पथ पायेंगे
नाश्वर देह से मोह घटायेंगे
तन माटी है ज्योति अटल रहेगी
मन में भक्ति की ज्वाला जगाओ भक्ति जगती
रहेगी ।।

देश धर्म से दूर, प्रेम धर्म के पास
इक विश्व धर्म अटल है सदा पास
दिव्य चमक देता है यह पास
दूर न जाओ पास देखो प्रकाश ॥

मानव मानव में दया जगाओ
हटाओ अज्ञान का अन्धकार
सत वचन सत कर्म तुम निभाओ
यही ज्योति तुम यहां जगाओ ॥

फूल की कहानी

निराली कहानी बनी है
देख माली मालिन भी सयानी है
ये फूल खिले हर डाली-2 हैं
पर भौरे भी तो घूमे डाली-2 हैं ।।

प्रेम मिलन की कहानी है
माली मालिन संग-2 देती पानी है
हर डाल पर पत्तों की हरियाली है
फूल झड़े पर कल कलियाँ खिलेंगी ।।

देख यह कहानी पुरानी है
मालिन अपने बाग माली साथ है
देख बाग कितना भला सुन्दर है ।
खिली कलियाँ हंसी मालिन माली
पास है ।।

सुन ली कहानी माली ने
ओ संग-2 दे रही तूं पानी है
प्रिये मेरे तेरे प्रेम की छटा निराली है
हंसे फूल हम दोनों में क्यों भूल ।।

ओ मालिन सुन ले कहानी
बाग की यह चाल ढाल निराली है
हम दोनों की कथा गाती हर डाली है
तुम हंस लो यह जवानी पल भर की है ।।

ओ गा ले गीत याद कहानी है
थे हम भी कभी बाग के पौधे
माली ने दिया हमें मन भर पानी
आओ खिलें फूल की यही कहानी है ।।

एक स्वप्न साकार

रे गीत गा,
मधुर मिलन की वेला है।
उधर देख ले,
देर अब क्या सवेरा हो चला है।
मस्ती रही कहाँ,
हम सब घर वार छोड़ चले हैं।
दिन का काम यही है,
आना, जाना कुछ लेना-देना।
रात फिर आई है,
कुछ आराम में मधु रस झूमा।
पर समझ लें,
यह रात भी प्रभात में ढ़लती है।
क्या विश्वास करें,
यह मिलन भी एक उपहास है।
जो आता है,
एक दिन उसे जाना ही तो है।
यह संसार क्या हैं,
आना, जाना सुख-दुख सहना है।

फिर अन्धकार होता है,
यह संसार हमें छोड़ना ही तो है।
मत रहो उदास
हर दिन के बाद रात आवेगी।
जीवन में अन्धेरा है,
संसार को छोड़कर अन्धकार में
ढ़लना है।

कहते इसे अन्त है,
कुछ लोग कहते आप मरे जग प्रलय है।
यूँ आते रात दिन हैं,
यह रात अन्धेरी भी तो आयेगी ही।
हम यहाँ नहीं होंगे,
पर रात दिन की यह चाल रहेगी।
जीवन का भरोसा क्या,
आज दिन है कल रात का अन्धकार
होगा।
तुम व्यर्थ भटके हो,
यह संसार तो इक स्वप्न है।

**

(74).

देश चाहता क्या है

देश चाहता क्या है
मानव मानव से सहयोग
साथ चाहता है प्रेम
मिल जुल कमाना उद्योग ।

एक धर्म एक नारा हो हमारा
भेद अभेद का मिटे अन्धयारा
देश प्रेम का यहाँ हो उजाला
देश चाहता यही एक सुधरा ।

मिटे रैन अन्धयारी हमारी
हर कदम में इक चाह हमारी
मानव-मानव से प्रेम रहे भारी
देश चाहता है महानता हमारी ।

देश विदेश में बने गौरव अधिकारी
ज्ञान कुंज के बनें हम पुजारी
फिर देश में चले दस्तकारी
रहे न यहाँ कोई बेकारी ।

भीख माँगने की रहे ना बिमारी
देश में भेद न रहें
देश में जीवित रहें इमानदारी
देश चाहता है सद चरित्र हो अधिकारी ।

उंगली उठाये न कोई देश पर भाई
हो न अराजकता का राज भाई
हम रहें भारत में भारतीय भाई
देश चाहता है स्वच्छ कमाई भाई।

मिटे अज्ञान का अन्धकार यहाँ
हो स्वर्ण बिहाग भारत पर यहाँ
स्वर्ग तुल्य है बसा भारत यहां
हम है कुलीन भारतीय यहाँ।

देश आजाद हम भारतीय महान यहां
गौरव गाथा गाते गाँधी की यहां
कृष्ण गौतम राम की धरती है यहाँ
हम वीर बहादुर चाहते शन्ति यहाँ।

गरीब की कथा सदा हटे यहाँ
वीर पुरुषों की जननी भारत वसा यहाँ
मर मिटे वीर पुरुष सुभाष राणा यहां
हम चाहते देश की जन शान्ति प्रबल यहां।

वीरों की धरती गाँधी का धाम यहाँ
आजादी पर मर मिटे वीर जन यहाँ
फिर क्या गरीबी हटाओ कदम
से कदम मिलाओ देश चाहता यही।

गौरव गाया भारत माता

उदास न होना फूल झड़ जायेंगे
फिर कहां बैठेंगे क्या गोदी खाली रह जाएगी
मन्द-2 हवा हिलोरे लगायेगी
तुम तो दौड़े-2 खाली हाथ लौट जाओगे।

ये कलियाँ सन्देशा दे पायेगी
तुम अगले दिन सवेरें ही यहां आओ जी
जो खो दिया वह कहां पाओगे
भाग्य अपना तुम आगे ही जगाकर दिखाओ।

माता की गोदी अब खाली रहेगी नहीं
लाल उसका प्रदेश जाई ही कुछ कमाये
यह जग की रीति यही पाओगे
अपने विछोडे कर दिन ही नये पाओगी

जो रंग माता तुने निखारा
वहीं मां सपुत ने तेरी गोद में डाला
देश धर्म पर मिटना माटी
में मिलना।

माँ गोदी में तेरी बैठे-2 यही पाठ सीखा
गौरव गाया सदा तेरी याद रहेगी
भारत माता तूं सदा हरी
भरी रहेगी।

*

विश्व धर्म

राज दरबार में क्या होगा
देखो अपने घर का हाल
झगडे फगडे हैं ही रगडे
थोडे दिनों के ये झगडे ।

छोडो बात काम की करना
नित अपना ही काम करना
भेद भाव से तुम अवश्य डरना
नित सेवा भाव तुम करना ।

देश विदेश का भेद न करना
मानव जीवन में हक-2 हमारे
फिर एक ही माटी के सब पुतले
छोटे बड़े की बातें क्या करना ।

विश्व बन्धुता हो जाये जग माहीं
तो यह वसुधा स्वर्ग तुल्य हैं भाई
मानव मानव में भेद नहीं कोई
यह तो बनावटी रचना है भाई ।

राष्ट्र धर्म हक धर्म नहीं होगा तब भाई
विश्व धर्म में हम रंग जायेंगे तब भाई
प्रेम उजाला होगा तब वसुधा में भाई
यह समझो फिर मानव मानव है भाई ।

झगड़े रगड़े घर-2 तगड़े
जीवन भर मिटे नहीं रगड़ें
एक पर दूसरा हो जानी मानी
यह भेद भाव क्यों-रहे ओ जानी !

सफेद रंग है सूरत आती नजर यहां भली
एक व्रह्य एक धरती एक है हम साथी
भेद इतना न दिखाओ ओ ताजवालो
ये धरती एक की नहीं है ।

आये चले गए किसी को क्या मिला
यह नाशवान शरीर धरती में ही मिला
धरती के हम पुजारी यही माता हमारी
गोदी में पालती फिर रंग अपने में
सदा को हमें रंग जाती ।

धरती करे पुकार

धरती करे पुकार,
देश धर्म पर मिटना यार
नीति में लिखा यह अधिकार
है सागर भी लम्बा कुछ अडबनदार
पर समझ लो मर मिटने का अधिकार ॥

प्रेम पथ पर चलना यार
भीड़ पड़े तो आगे बढ़ना यार
कहीं लूट पाट हो कोई हानि भार
दौड़ लगाकर प्रेम पथ पर देना प्राण ॥

है धरती से करना प्यार तुम्हें मेरी जान
हर नर नारी जीव जहान इस धरती की जान
नदियाँ सरोवर सागर पर्वत बढ़ाते शान
बाग बगीचे सजे खेत और है खलियान ॥

है धरती में भरा खजाना भर पेट मिले खाना
कौन यहाँ रहे प्राणी जो खाये न भर पेट खाना
धरती माँ सब की माता देखती सदा समान
ओ सपूतो नत मस्तक तुम करो सदा इसे सलाम ॥

धरती के हम सभी वासी
इसी की मिट्टी में खेले पले हुये बड़े
फिर किये कुछ सृजन के भी काम
कुछ पाया कुछ खोया इस जहान
फिर माट्टी में ही तन छोड़ा गोदी तेरी में सोया ।।

प्यार तेरा धरती माता सब ने पाया
तूं अचर अमर पर है दो दिन
आये आज थे कल हम तूझे छोड़ चले
माता सपूत तेरे हम थे पर तुझे छोड़ चले ।।

धरती पुकारती रहेगी सदा
राम, कृष्ण, गान्धी, संत हुये जो ज्ञानी
तूं याद माता करती है वीरों की सदा
जो बोझ बनकर जीते रहे तेरी धरा सदा ।।
वे क्या रख पायेंगे, तेरा आदर मान सदा ।।

प्रभात की बेला

मत मस्त मगन रहो
बेला अब सोने की नहीं
भ्रम जाल मिटा दो साथी
अब प्रभात की बेला है ।।

इधर आवाजें भर रहे हैं
खग वृन्द अब जागे हैं
तुम अन्ध जाल में न रहो
अब प्रभात की बेला है ।।

उधर देखो आ गये भौरे हैं
मस्त फूल रस चूस रहे हैं
अपने प्रेमी देख फूल हंसे हैं
अब प्रभात की बेला है ।।

ओ जाग तू देख नाच
यह मोर मस्त हुआ है
नाच नाच यह थका नहीं
अब प्रभात की बेला है ।।

रात गई दिन का राज है
सभी नर नारी लगे काज में हैं
मत यूं तूं लेटा रह इस बार
अब प्रभात की बेला है ।।

ये नदियां रुकती नहीं हैं
समय इन्तजार करता नहीं है
मत तुम भूल अब करना
अब प्रभात की बेला है ।।

इधर जगत में चहल पहल है
तुम बन्द कमरे में खोये हो
जागो कुछ काम काज करना है
अब प्रभात की बेला है ।।

ओ देख समझ तूं कौन है
उस देव की तूं भी अंश है
ज़रा जाग उसका भजन करना है
अब प्रभात की बेला है ।।

बाग की कलियां

कलियो कल तुम्हें खिलना है
फूलों ने तो कल झड़ना ही है
सीख लो खिलना तुम फूलों से
हंसना हंसाना इन्ह फूलों से ।।

देख लो खिले फूल हर डाल पर
रग जमा है इस बाग के गुलाब पर
हंसना खिलना खिलाना सीख लो
कल तुम बाग के फूल बन जाना ।।

है धरा सजी महक फैली है
झड़े फूलों की धरा रंगीन है
देखो ये फूल भी तो मिटे हैं
सजाना और मिटाना सिखा गये

कल खिलेंगी कलियां इस डाल पर
महक अपनी रंगीनता भी सजेगी
परिपाटी फूलों की निभेगी ठीक ही
आज की कलियां कल फूलेंगी ही ।।

बाग का माली इस ताक है
ओ कलियो खिलो तुम भी यहां
मत डरना मिटने से तुम कभी
आया जी इस जहान है मिटेगा ही ।।

कलियां फूलों की पहचान है
फूलों से भरा बाग भी तो है
पर फूलों को तो झड़ना ही है
फूल बन कलियों का यौवन है ।।

कलियों यौवन के बाद बुढ़ापा है
तजना तुम्हें भी तो यह घर है
पर धरा को सजाया तुम जानो
मिटने मिटाने का यह ढंग पुराना है ।।

हंस लो खेल लो इस जहान में
आज की कलि कल फूल होगी
बाग माली का सदा सजा रहेगा
खिलने झड़ने का कर्म चलता रहेगा ।।

मेरे बाग की हमेली

मेरे बाग की हमेली सजी इस ओर है
जहाँ माली सींचता गुलावे फूल है
रहता यहां एक मर्द है
जो जागरुक है ॥

खाता वह यहाँ सादा भोजन है
मस्त रहता इस बाग है
पूछता सभी की दर्द है
जीवन का नशा है ॥

भमरों की रागनी जब गूंजती है
गुलावे फूल मस्ती दीखती है
मन का मीत रहता पास है
यहीं मन शान्त है
राही सच्चा है ॥

हवा मन्द मन्द चलती है
फूलों से गुलाल झरता है
तितलियाँ उड़ती हैं
मन मस्त है ॥

मेरें बाग की हमेली यही है
जहाँ प्रीत का नशा रहता है
मनचोर यहीं है
मानव यही है ॥

दर्द भरें गीत गाती कोयल है
दुखिया मन खोजता फिरा है
मेरे बाग की हमेली है
वहाँ रसिया है ॥

ढूंढते रहे बन में दूर कहीं
मेरे मन में बसा वह यहाँ है
मेरे बाग की हमेली में
उस का डेरा है ॥

मानव धर्म

जग भला नर भला कहां
मन भला पर जन भला कहां
मौन त्याग दे अपना जन भला
यूँ वृथा न कर जन्म यह भला ।।

आवाज लगी हैं संवाद चखले
भेद यहाँ धरा पर क्या धरा
मानव धर्म जगा है जरा समझले
मन अपना मना कर धर्म धर ले ।।

ये साज बाज ठाठ बाठ
नर का है झुठा अपवाद
ये लूट पाट फिर सांठ गांठ
है नहीं मानव तेरा ठाठ ।।

चित चोर हैं यहां सब चोर
सताते सभी माल पर हैं वे हाल
नींद भर सोना भी नहीं है कमाल
देखा भेद कितना है कमाल ।।

झगड़े पर झगड़ा फिर रगड़ा
मानत तेरा तो वही रगड़ा तगड़ा
भटका है मन इधर जात-पात का झगड़ा
लटके है जन इधर लूट पाट का रगड़ा ।।

अपना पराया क्या भेद पाया
सभी नर एक ब्रह्म रूप कहलाया
क्या देश विदेश इक धरा पर धरें
फिर नर नर से हैं क्यों डरे खडे ॥

भेद इतना भी नहीं जानों भाई
सभी मानव हैं उसी के भाई
जो देता जीवन और होता सहाई
मानव तूं मानव बन जा भाई ॥

ये साजे महाराजे नेता सह जाते
लड़ाते-2 मानव धर्म जताते,
भेद-भेद में कई नर मिट जाते
सच्चाई वो कहां व्यथा हम वहां पाते ॥

ये बन्धन धर्म अपधर्म नहीं है भाई
सचा जीवन सची कमाई मानव धर्म भाई
सब हम इक मिट्टी के बने इक धर्म हैं
वृथा जन्म अपना न जाने यहां भाई ॥

प्रेम को पहाड़ मत समझो मानव
यह तो मन वचन शरीर में है भाई
खेल उस जहान को मत समझो
यहां मानव धर्म एक ही है सहाई ॥

प्रभात बेला

जल जात तुम हो प्रिये
जग मौन मस्त देखता
क्यों सुन्दर हो
क्यों रोती हो ।।1।।

रूप कहानी लिखते रहे
दर्द दिल में हम भरते रहे
तुम लुटाती रुप हो
हम गुस्से में हैं ।।2।।

ज़हान वाले लुटेरे बने है
हर सुन्दर फुल पर मरते
तुम मिशा देवी
शान्त हो रहती ।।3।।

किसमत तेरी कोई बड़ी नहीं
रुप तो घड़ी दो घड़ी है
दिनकर राज है
तूँ छुप गई ।।4।।

भौरे गूँज भरते रहे
रस फुलों का चूस्ते रहे
यूँ प्रभात बेला में
प्रेमी मस्त रहे ।।5।।

ओ लुट पाट अब नहीं होगी
स्वामी बन सूरज आ गया
नज़र न लगा
कोप युक्त है ।।6।।

पराये पर मरना अपराध है
अपना धन अपना है
लुटेरे तो मरते
कुत्तों की मौत हैं ।।7।।

आन्धी

रण डंका बजने लगा है
उधर अन्धेरा छाने लगा है।
मौन हम है
तुम कहाँ हो ।।

आन्धी आने लगी है
घर कपाट सब मन्द हैं
कहाँ जायें
वे ठिका ठने हैं ।।

बट् वृक्ष ही सहारा है
दूर दराज कहाँ जाना है
अब देर नहीं
आन्धी आ धमकी ।।

ओ साथी आंचल कहाँ गया
नंगे सिर अब रहा न जाये
ये बाल विखर गये
आन्धी आ गई ।।

ओ देखो उड़ गई पतियां सारी
हम पेड़ तले देख रहे अन्धयारी
ये वृक्ष ठह गये
वट वृक्ष है भारी ।।

बड़ों की आड़ होती है सहाई
मत दिल तोड़ना यहाँ अन्धयारी
आन्धी देती सन्देश
तुम महान बनो ।।

डटे रहो वट वृक्ष तले
आ धमके जब आन्धी
बड़ों से मुकाबला
बड़े हैं करते ।।

मत भूलना बड़ों की छाया
ये गरीबों को देते सहारा
ज्यूँ आन्धी में रक्षक
बट् वृक्ष बना सहारा ।।

(८८)

मिलन में जुदाई खड़ी

रास में हास भरा है
मद मस्त रुप घरा है
लादे बाले प्याले भरे हैं
एक घूटं भर हम पी लें ।। 1 ।।

ये नदिया भी तो बह रही है
मस्ती भरी यह चली है
तूं क्यों यूं मौन खड़ी हो
ज़रा आंचल अपना खोल दो ।। 2 ।।

इधर मेघ गर्जन भी हुई जारी
ओ मदमस्त क्यों मौन हो
देख सामने बिजली चमक रही
अब देर यहां बाकी नहीं रही ।।3।।

देखो मिलन के ढंग न्यारे
अपने मस्त मौन हैं खड़े
यह मौसम का इन्तजार होगा
तभी तो ईतनी देर थे ये खड़े ।। 4 ।।

मिलन की घड़ियां कम होती है
हर मिलन में कुछ कमियाँ होती है
हर कमी का रंग निखरता उजला है
यही तो मिलन का ढंग अपना है ।। 5 ।।

यूँ रूप की सन्ध्या सामने थी खड़ी
कालिमा भी तो चाहिए भली
रात आने देते, क्या अभी पड़ी
मिलन में अब क्या रही देरी ॥ 6 ॥

यूँ बातें हास विलास में होती
दो दिलों की बातें कितनी भली
जीवन है इक मिलन की लड़ी
सुख की घड़ी वो है बीती चली ॥ 7 ॥

हास विलास ही तो सुख की लड़ी
फिर मिलन में क्या रही कड़ी
मत भूलो अपनों को यूँ हास में
मिलन की घड़ी में जुदाई है खड़ी ॥ 8 ॥

इक संदेश

राज पाट धन माल खजाना
इस धरा का भ्रम जाल पुराना
धरा पर धरा, धरा का खजाना
फिर इस माल का क्या ठिकाना ॥

इक मौत तो विश्व व्यापी भाई
धन खजाना किस काम का भाई
इक दिन ऐसा आएगा यहाँ भाई
माल धरा का धरा रह जाएगा भाई ॥

सोच-सोच कदम यहाँ धरना भाई
धरा पर अब बोझ न बनना भाई
लूट-पाट जोड़ जुड़ाई किस काम आई
जो प्रेम भरा इक संदेश न पढ़ा भाई ॥

देश धर्म में व्यस्त हो मेरे साथी
धर्म क्षेत्र यही है तेरा साथी
धर्म कर्म तप त्याग है इक साथी
नहीं जागा तेरे संग होर साथी

प्यार में तूँ हंस खेल ले भाई
इक दिन यह जवानी ढल जाएगी
रोक शोक फिर चिढ़ता आई
भस्म करेगी तेरी जीवन कमाई

याद तुझे कोई क्यों करेगा
तूँ तो भ्रम जाल में था पड़ा
मोह माया का झमेला था अड़ा
फिर साथ तेरे क्या जड़ा खड़ा

सच्चा धर्म सच्चा कर्म जग जानेगा
तब मानव पूजा जग करेगा
गौतम, राम, कृष्ण, गांधी सब जाने
सच्चे इन्सान को जग केवल पहचाने

रीत पुरानी जग जाने भले
पीर पराई जो सदा जाने भाई
देश प्रेम धर्म कर्म ऊंचा हो भाई
वह सदा जीता है इस जग माई

सन्देश इक यही है मेरा भाई
हंस खेल कर करो जीवन मापन
सचाई पर डट कर करो यहां लड़ाई
तब सदा अमर रहेगी तेरी कमाई ।।

(92)

बासन्ती बयार

जाग जाग मधु बसन्त मन भाया है
इधर बासन्ती बयार राब जन आपका है
ये हुआ क्या, यहाँ शोर गुलज़ारी
उठ जाग देख प्रभात की हरियाली ।।

मन्द मन्द समीर अभी हुई जारी है
इधर भूल में कामदेव की बारी है
पूछते क्या हो बेला मधुमास की है
सोये हो, देखो छटा कितनी निराली है ।।

उलझ उलझ भौरे मस्त इधर हैं
फूलों की हर डाल फूल यहाँ खिले हैं
क्या देखते हो, बासन्ती बयार निराली है
देख देख सब नर नारी मस्त मग्न हैं ।।

चमका चमका अब सूरज इस धरा है
नदी, सरोबर सभी में वह नाच पड़ा है
क्या हुआ मस्ती भरा अवसर आ खड़ा है
समझ लो बासन्ती बयार का यहाँ नशा है।

देख देख मन भावन कंत की छटा
हर डाल पात धरा का है सजा
ये हार श्रृंगार क्या, नव बधु बनी धरा
पँखा झोल रही बासन्ती बयार अपना ।।

पूछो पूछो ओ बासन्ती बयार से साजन
आई तुम किस देश विदेश से, देर थी क्यों
ये क्या किया जुल्म जो हम मरते रहे ठिठुर
सदा वहती क्यों न हो अपने साजन के घर

ठीक ठीक में जान गया तेरा अजब ढंग
तूँ बसन्त की बासन्ती बयार अपनी हो
क्या हुआ जो तूँ बसन्त की दिलदार हो
पर मिलन प्रीतम का वर्ष में एक बार ही क्यों

समझ समझ कुछ समझ में यूँ आया है
मिलन की घड़ियों का भी कुदरती समय है
क्या यही है कि तूँ उस कुदरत की सखा हो
ओ नियम निभाने सदा तुम इस धरा
आती हो

जाग जाग ओ मानव जाग होश में
मिलन के मधु मास में कुछ देख होश में
क्या सोचते हो कुदरत के ढंग अपने हैं
तुम भूल से मत भटकना सदा मधुमास में ॥

मेरे आंगन का अम्वुआ

डेरा लगा हुआ है, खग बृन्द हैं
डोल-डोल, डाली अम्वुआ सजा है
मेरे आंगन का यह पेड़ सजा है
घनी छाया धूप में पंखा लगा है ।।

फूकें भरती कभी-कभी कोयल है
कुछ पक्षी भी तो वोली बोलते हैं
छाया में सभी हम मौन सोये हैं
अम्वुआ की हर डाली सरगम गूंजा है

आया वरसाती मौसम पास है
झुक गई इस की डाली-डाली है
फल आम इस वृक्ष मन भाया है
देख बाल वृद्ध मन खिच लाया है ।।

हवा चलती जब इस पेड़ है
गिरते आम मचाते सभी शोर हैं
खग वृन्द अब नहीं यहां है
अव तो चाखन वाले हम तुम हैं ।।

कभी आते काक राज, काक भाषी
खाते फल आम की बैठ ऊंची डाली
उधर ये गिलहरी भी तो मस्त होती
खाती यह भी आम फल बड़े प्यार से ।।

इस अम्बुआ का सुख भोगते सभी
मेरे आँगन का अम्बुआ सजावट बनी
देव पूजा हो या हो अतिथि सत्कार
फल इस का चढ़ता सभी के दरबार ॥

राजा हो या रकं भिखारी
सभी को देता आनन्द हैं
आओ इस अम्बुआ तले बैठें
गाये गीत पुरषार्थ के बैठी ॥

मेरे आँगन का अम्बुआ सजावट मेरी
तन मन धन सर्वस्व यह मेरा बना
मत तुम मुख इस से कभी मोड़ना
आना, वसंत, गरमी, बरसाती मौसम ॥

बेला सोने की नहीं

उठो जागो वेला सोने की नहीं है
देश में चोरी घूसखोरी जारी है
माल महल सब जोड़े जुड़ते हैं
समय पर सब कुछ ही बनता है
आन्तक वाद, जातिवाद, धर्मवाद, अड़ा है
देश में गैरों का आन्तक जमा है
उठो जागो वेला सोने की नहीं है ।।

देश के अपने पराये वने हैं
देश धर्म कर्म से ये भूले हैं
भाई-भाई पर डाका फाका है
वहिन पर यहाँ हमला जानी है
उठो जागो वेला सोने की नहीं है ।।

बिके हैं यहाँ कुछ अपने ही
दुश्मनों से जुडे हैं यहां अपने ही
मारधाड ज़ारी है यहां अपनों की
समझ लो इन्ह घर के घसटोरों को
उठो जागो वेला सोने की नहीं है ।।

देश प्रगति के चरण पर वाधक
देश धर्म से दूर जो घातक
आज जन जीवन पर जो है आन्तक
जहां मन्दिर, मस्जिद, गुरद्वारे रण अखाडे
उठो जागो वेला सोने की नहीं है ।।

पूजा, जाप, पाठ हैं सब अधूरे
केवल लूट पाट मारधाड दिन दियाड़े
कहां सिख गुरु ब्रह्म ज्ञान की यहाँ
भाईचारा प्रेम धर्म तो यहां दिखावा
उठो जागो वेला सोने की नहीं ।।

ये भारत माता पुकारती है
तुम वीरों की मैं माता हूं
देख जुल्म क्यों सोये हो
जागो समय अभी बाकी है
उठो जागो वेला सोने की नही है

यहां भारत के सब वासी है
अस्सी करोड़ यहां निवासी है
दानवता को दूर हटाना है
मानवता को यहां ठहराना है
उठो जागो वेला सोने की नहीं है ।।

मोड़ मोड़ पर चोर

देख ले ढंग निराले हैं इन्सान के
बने तपस्वी पर चोर हैं जहान के

माथे तिलक धारे हाथ माला लिए
चला तपस्वी धोती धारण किये
हाथ का मन का मंत्र के साथ चलता
पर ध्यान कहां मंत्र का पेट भराई ही करता ।।

चरस भांग का जोर है भाई
अपनी कमाई बो यही है नित भाई
बोगी जोग भोगी रखते ध्यान मेरा
हर मोड़ पर है लगता मेरा डेरा ।।

देख लो ब्रह्मज्ञान का चमत्कार मेरा
भर पेट रोटी इन्ह माला के दामों में समेटी
बड़े हकीम मुन्सी फकीर की तकदीर हूँ
ये कुटिया के सन्त करते स्वागत नित मेरा ।।

कुछ लूटते माल हैं ये सन्त फकीर मेरा
पर आसरा तो मिलता है यहीं मुझे
दस बीस की पी जाते हैं कस भर कर
पर लाला हजारीमल को थोक बिकता ।।

चला है धन्धा मेरा बड़ा पुराना
बाप दादा ने कमाया यही खज़ाना
लाखों का धन्धा कहाँ दुकान माल
यही तो समझो अपना निराला धन्धा ।।

कभी कुल्लू कभी मनाली शिमला
से रेल कालका वाली बाम्बे
छलकता धर्म ज्ञाता मैं हूं पुजारी
बड़े सेठों का मैं हूं बिहारी ।।

हरिद्वार तीर्थों की भी यात्रा करता जाता
कभी मनी-महेश काश्मीर की सैर कर जाता
फिर द्वारका पुरी भी कदम धर पाता
सैर सपाटा हाथ की माला काम है, पुराना ।।

क्या तीर्थ क्या राज महल भाई
राजधानियों में अड्ड जमें हैं भाई
पर दुकान कहाँ जो माल रखा है
यही तो मेरा सब कुछ चमत्कार है ।।

यह पैन्ट वाला बाबू भी तो दोस्त है
मिलता यह भी मुझे हर मोड़ पर है
रखता हिसाब यह मेरा बेजोड़ है
मिलता कुछ धन इसे भी दमतोड़ है ।।

ये रुकावटें सरकारी मोड़ पर हैं
दस वीस की बात यहां भी तो क्या है
फिर पंण्डित और ब्रह्मज्ञाता भी तो क्या
नहीं है
राम नाम का जाप भी तो साथ है ॥

पकड़े कहाँ निशान नहीं मेरा
वन्दा नाम धरता नहीं है कहाँ स्थान मेरा
लूटना लूटाना तो इक धन्धा बना है मेरा
फिर दोस्तों की भरमार से चलता है धन्धा मेरा ॥

ये आश्रम फकीरों के नहीं भाई
जागीरे लगी रहती हमारी इन्हें भाई
धोती धारी पीले वस्त्र गले माला
माथे तिलक छाया कुछ धन्धा करते
निराला ॥

मदन के आने की पहचान

राज रजनी रंग है चढ़ा
माली बाग में है अड़ा
फूल कलियां स्वागत को खड़ी
देख कामदेव की है घड़ी ।।

मेघ गरजा बिजली चमकी
बरस मेघ धरती चमकी
साजन ने देखी तब सजनी
जाग-2 ओ मेरी धरनी ।।

रंग रुप दुल्हन का जानी
देख दौड़े आये बे जानी
धरती पर सजधज हरियाली
यही तो मिलन का समा आली ।।

बेला लूटन की है सजनी
हर फूल पर भंवरा है सजनी
रस लूट-2 वह गूँजता है
देख रुप तेरा रस चूमता है ।

ये खग खग सभी तो मग्न
देख अब कहीं आये हैं मदन
चाल ढाल सज-धज है यही
जब आते यहाँ हैं वे मदन

तूं क्यों सोई थी

बसन्त पूछता बासन्ती बयार से
ओ रानी आई क्यों देर से
मैं इन्तज़ार में था
तूँ क्यों सोई थी ।।

मैं मधु घोल चुका था
मस्ती भी तो छा गई थी
था इन्तज़ार में
तूँ क्यों सोई थी ।।

इधर धरती रुप निखारे सजी थी
प्रीतम कामदेव भी आया था
मैं अकेला ही था
तूँ क्यों सोई थी ।।

ओ हाल बेहाल हुआ जा रहा था
थोड़ा सफर लम्बा लगा था
में राही इन्तज़ार में था
तूँ क्यों सोई थी ।।

क्या तूँ कुदरत की सखा हो
मिलन भी तो बन्धा बन्धन है
मैं खोया खोया था
तूँ क्यों सोई थी ।।

ओ रानी बासन्ती बयार सुन
तूँ असूलों की जन्मा हो
असूलों में बन्धा प्रीतम जलता
तूँ क्यों सोई थी ।।

जग में रीत प्रीत की क्या यही है
मिलन की घड़ियां इतनी कम हैं
क्या इन्तज़ार में आनन्द है
तूँ क्यों सोई थी ।।

सूरज से पूछो

ओ सूरज की किरण छूती धरती है
आया वह इस बस्ती है
गाता गीत है ।।

पुराना वह मीत है
सेज प्रीतम की यहां है
आँचल में छुपा रुप है
देख ले, सुन ले ।।

भौरा पास ही तो है
पहली सूरज की किरण है
फूल पर वह मुग्ध है
रुप पर गूंज है
मधु है ।।

पर अब तो दिन है
क्या पास है
अन्धकार अब कहाँ है
मिलन का राग है
सोच लो ।।

प्रीतम अब उदास है
सूरज से पूछ लो
अब प्रभात है
अन्धकार दूर है
जग जगा ।।

अब विकास ही है
भेद ही पास है
नाता टूटा
प्रेम है ।।

चेतना

अर्द्ध निन्द्रा में मग्न क्यों
बिहाग, निशा चल बसी
रवि, किरण का आभास
सुखदा, वसुधा हंस चली ॥

पहाड़ श्वेत लालिमा अंक
कुछ शोर विहंग मचा
चहल पहल मांर्ग रंगें
फिर तूं क्यों यहाँ भलें ॥

जाग अब जाग जा
दिन भर काज कर

कर्म करना इक धर्म
लिखा शास्त्र का मर्म ॥
सूरज नित निभाता कर्म
कुदरत का रचा यह धर्म
छोड़ दो सरस जीवन
बढ़ो आगे जग का है धर्म ॥

रोना हंसना साथ रहे
भ्रम जाल भी सजा रहे
मानवता का विकास बढ़े
हर पड़ाव पर दिलदार चढ़े ॥

जेठ की दोपहरी धूप

ओ जेठ की दोपहरी धूप आओ
धन माल सब लूट तुम जाओ
पेड़ों खेतों में तुम छा जाओ
मन चली तुम अपनी कर जाओ ।।

मुरझाये डाल पात इस धूप में
सब नर-नारी भटके इस धूप में
त्राही-त्राही मची इस वसुधा तल में
सब जीव चर कहां रहे धूप में ।।

ओ देख उधर नव वधु है
इस धूप में पिया मिलन नहीं है
सूरज का प्रचण्ड कोप बढ़ा है
प्रीतम तो अब नज़र नहीं है

तुम प्रेमी जीवन को सताती हो
व्यथा विरह को भड़काती हो
तुम माघ की दोपहरी में रंग जाओ
मज़ा तेरे यौवन का हम ले पायें ।।

व्यर्थ तुम जलन में खड़ी हो
दो दिलों को क्यों जलाती हो
कुछ बदलो, तेज अपना बदलो
ओ जेठ की दोपहरी हमें गले लगालो ।।

रीत प्रीत की कहां अब जागेगी
इस तेज़ धूप में तुम जली हो
यह जलन भी तो इक जादू है
तूं निष्ठुर इतनी क्यों हो ।।

ओ इस निष्ठुरता में हम रुष्ट है
मिलन में यह विघ्न तभी तो है
तुम प्रेम पथ से दूर भटकी हो
तेरा प्रीतम अब कब आयेगा ।।

दिल की दिलेरीयाँ

दिलदार की बातें करते हैं
नित काम नये करते हैं
रह—रह जाते है
प्रेम का नशा है ।।

अरमान अपना मिटा जाते हैं
प्रेमिका के बस होते हैं
सभी भूल जाते हैं
प्रेम का नशा है ।।

बुद्धि बल अब कहाँ चलता है
श्री मति बल पर चलते हैं
मानों गुलाम बने हैं
प्रेम का नशा है ।।

खद दीन हीन बने चलते हैं
पर पीड़ा की चिन्ता नहीं है
नारी संग रहते हैं
प्रेम का नशा है ।।

महल अटारे अपने जरुर बनते है
रहन बसेरा भाई मात पिता का नहीं
केवल बच्चे बीबी रहते है
प्रेम का नशा है ।।

आत्म वल खोना हीन भावना है
नारी के इशारे जो नर चलते है
दिल में दिलेरियाँ है
प्रेम का नशा है ।।

सभी जोड़े ऐसे नहीं होते हैं
कुछ लोग मनचली बस पड़ते है
स्वर्ग, नरक बनाता है
प्रेम का नशा है ।।

जो मन मानी इस नशे नर नहीं करता
वह सुखी हो लम्बी उमर जीता
नर नारी संगी सदा हैं
प्रेम का नशा है ।।

दिल की दिलेरियाँ तो समझौता है
भाई बान्धव भी अपने हैं
फिर नारी क्यों ?
प्रेम का नशा है ।।

विरह जलन

व्यथा मन में जागती है
दर्द कहानी वह कहती है
विरह की आग जलन देती है ।।

रोती आंखें जल बरसाती हैं
वे मौसम बरसात आती है
विरह की आग जलन देती है ।।

प्रीतम जब पास आता है
बिरह आग शान्त होती है
विरह की आग जलन देती है ।।

मिलन की घड़ियाँ पास आती है
विरहणी में तब जान की आती है
विरह की आग जलन देती है ।।

यहीं व्यथा रोग बढ़ता है
यहीं मिलन में मिटता है
विरह की आग जलन देती है ।।

कलि सन्देश

हंसो हंसो ओ कलि अब हसो
इस डाल में तुम अब हंसो
कल तुझे भ्रमर प्यार से देखेगा
फिर रस तेरा पी वह मस्त होगा ।।

देख-देख माली मद मस्त होगा
तूं किसी देव के सिर चढ़गी
या तोड़ लेगा कोई तुझे प्यार में
अगर होगा भाग्य में तो सिर ताज होगी ।।

ओ आज तूं कली हो है
पर फूल बन तूं खिलेगी
इस डाल पर तूं सजेगी
तोड़े बिना भी तूं झड़ेगी ।।

इतना जीवन तेरे भाग्य में है
पत्ता नहीं तूं किस की बनेगी
रुप तेरे को देख कोई कहेगा
जीवन भर तूं हंसती रहेगी ।।

सिर ताज होगी या गले हार में
इक दिन तूं फिर भी झडेगी
बनना और मिटना तूं जानती
जन्म मरण है, अपने साथ ही ॥

विश्व जन को सन्देश तेरा है
जीवन थोड़ा है पर जीओ मान से
मिटना और बनना यहां भला है
आओ कलि को फूल में बदलना
सीखायें ॥

भ्रमर जाल में मानव तूं अड़ा है
पर जीवन कलि का तो पाया है
बनी आज कलि है कल फूल होगी
खिल फूल, बनकर चमकना है ॥

आओ सीख लो मिटना और मिटाना
आज की कली कल फूल होगी
हंस लो खेल लो इस धरा
सुखी, मस्ती भरा जीवन होगा ॥

※※

परीक्षा

ओ सफर के राही सफर देख ले
रंग में भंग यहां खड़ा है
हर कदम कुछ अड़ा है
भर रही आवाजें,
ओ मानव
परीक्षा ॥

ओ समझ ले परीक्षा हर कदम है साथी
कुदरत के हिंडोलें पर झूट ले
मौन-2 क्या हुआ यहाँ
चल रही हवायें
ओ मानव
परीक्षा ॥

ओ वीर की गौरव गाथा रण में है
माली भी तो फूल है देखता
कलियों पर कल से पहरा
बिजली है, घटा घन में
ख्याल श्याम
परीक्षा ॥

हर सफर कुछ रुकावटें अड़ी हैं
कटंको पास फूल भी तो है
मौन मौन क्यों रुके हो
अपने आईने में झांक लो
वर्षा का दौर
ओ मानव
दानवता ॥

यह परीक्षा ही तो मार्ग दर्शन है
भेद भाव यहाँ क्या है
सभी तो हम आदमी हैं
भेद में भेद है
ओ मानव भूल जा
अज्ञानता ॥

देखा परीक्षा कहती मौन में
मत मुडो इस यात्रा
यहाँ कटंको का राज है
ओ मानव दे जा
प्रवीणता ॥

साज बजने लगते हैं अब इस धरा
जान जाते हम सब भारतीय हैं
परीक्षा बिन क्या काम है
ओ मानव चल
देख ले, देख ले
उदारता ॥

दर्द भरा जीवन मेरा

दर्द भरा जीवन मेरा है
मौन मौन रहताहुँ
कुछ काम नहीं
केवल जीता हूं ॥

बरस रहा जल बादल से
सींच धरा को रहा है
कितना अच्छा जीवन है
कुछ काम बादल आता है ॥

पर हम तो बोझा बने हैं
दर्द भरा ज़ीवन है
केवल पेट भरते हैं
क्या जग को देते ॥

दर्द मन में जगती है
जब कोई दुखिया रोता है
पर निराश तब भी है
ज़ीवन तो कम है ॥

जीना भला है
हर कदम पर रोड़ा है
थोड़ा हम कमाते हैं
खर्चा ज्यादा है ।।
बोलो क्या भला करें
जीना हमें है
सचाई कहाँ रही हम में
हम तो धोखा देते हैं

दर्द सुन वे दर्द रहते हैं
क्या यही जीवन है
जहाँ भूखा पड़ोसी है
दर्द तो ये पशु भी भगाते हैं ।।
हम इन्सान, इन्सान को नहीं जानते
पर मन तो पवित्र है
बात भलाई की होती है
केवल कहते हैं
यही धोखा है ।।

धन्य मां भारती

हम उत्तारे तेरी आरती, धन्य माँ भारती ॥
तूं शस्याश्यामला, धवला भारती, धन्य माँ भारती ॥
गाते गीत तेरे हम भारती—धन्य माँ भारती ॥
रहते यहाँ सब धर्मो के भारती धन्य माँ भारती ॥
भरती फूक कोयल भी इस धरा भारती, धन्य माँ भारती ॥
देखा तेरा रुप रंग भेष वहु भान्ति भारती धन्य माँ भारती ॥
रचा था वेदों का सरगम वहीं भारती धन्य माँ भारती ॥
ज्ञान मान, धर्म दाता तू भारती धन्य माँ भारती ॥
वसे देव है इस धरा भारती धन्य माँ भारती ॥
नत मस्तक पूजते तुझे हम भारती धन्य माँ भारती ॥
छः ऋतुओं का सजा पालना भारती धन्य माँ भारती ॥
गौरव कथा तेरी सुनते विश्व जन भारती धन्य माँ भारती ॥
पूत तेरे हम हैं, हम हैं भारती, धन्य माँ भारती ॥

वीरों की निशानी

रण भेरी बज गई हैं
चारों दिशायें घेरी हैं
बादल बिजली यहाँ है
वीरों की यही निशानी रही है ।।

ध्यान मग्न जहाँ जन हैं
जंगल में मंगल रचे हैं
गूँज जहां धर्म की है
वीरों की यही निशानी रही है ।।

रास्ते पर निशान जो डालते हैं
सचे कर्म के जो उपासक हैं
आवाजें आ रही हमें जगाने की हैं
वीरों की यही निशानी रही है ।।

युद्धवीर, कर्मवीर, धर्मवीर यहीं है
मरना, त्याग, नव निर्माण काम है
शोर गुल जग में भी यही है
वीरों की यही निशानी रही है ।।

कथा वीरों की बल देती है
गीत वीरों के भरते जोश हैं
गीता ज्ञान भी तो वीरों का है
वीरों की यही निशानी रही है ।।

सचे प्रेम के राही बने यही हैं
जान पर खेलना जानते यही है
भीर पड़े तो दौड़े आते यहीं हैं
वीरों की यही निशानी रही है ।।

इतिहास वीरों ने बनाया है
गीत वीरों का सब ने गाया है
यादें वीरों की हमारे पास हैं
वीरो की यही निशानी रही है ।।

राम कृष्ण वीर थे यहीं हुये
राणा प्रताप, शिवाजी यहीं हुये
कौरव पांडव भी यहीं हुये
वीरों की यही निशानी रही है ।।

तुम खून दो मैं आजादी दूँगा
एक वीर ने जोश दिया था भर
दौड़े दौड़े आये वीर गूँज सुनकर
वीरों की यही निशानी रही है ।।

ओ राही मत भूलना निशानी
पथ पर यादें ताजा छोड़ चले
इस देश की आन बनाये रखना
वीरों की यही निशानी रही है ।।

दो बुन्दें

मेघ गर्जना हुई भारी
वर्षा पानी छाई हरियाली
गिरि पर पेड़ था भारी
दोनों ओर छलका पानी ॥

दो बून्दें बरसी इस पेड़ भाई
पर कहाँ नसीब अच्छे थे भाई
इक एक तरफ जा रही भाई
दूसरी ने दिशा और ही पाई ॥

वही पेड़ एक, एक थी टहनी
पर दो बून्दें नहीं साथ रहीं
जन्म साथ ही हुआ इस डाली
पर गिरि के दोनों ओर गया पानी ॥

एक ही मेघ एक ही पेड़ है
पर जन्म से ही लिखी जुदाई
नाले दोनों ओर थे भर पानी
नदियाँ भी दो थी भिन्न नामी ॥

रोने जोर से लगी बेचारी
हमारे भाग्य में क्यों जुदाई
एक वृक्ष से गिरी थी अभी
पर सदा ही यहाँ रही जुदाई ॥

कौन इस जग में रहा साथ सदा
कुछ पहले कुछ बाद जुदा होवे
प्रेमी प्रेम तो चाहता है सदा
पर जुदाई तो बनी संग है सदा ॥

दो बून्दें जल की देती सन्देश
ओ मानव जन्म पर मरण है
मिलन के बाद जुदाई होती है
मत तुम गमगीन रहना यहाँ ॥

जग में जन्म लेते साथ हैं
पर पता नहीं कब बिखरना है
यह जुदाई तो हर एक से है
यूं तो कुदरत भी देती साथ है ॥

मत जग में जुदाई से डरना
हर काज जुदाई पर करना
नाम तभी उज्वल लगेगा
जब कर्म पथ से न डिगेगा ॥

अन्त काल आत्मा मिलन है
सागर में नदियां जाती हैं सदा
बस उस सागर के पास मिलन है
अब बोलो कैसे हम जुदा हैं ॥

(114)

नदिया

इक नदिया निर्मल जल है
दो किनारे छलकता पानी,
देखी फूलों कीं घटा निराली
शीतल जल है
चंचल चाल ।।

देख-देख मन भटका है
नीला आकाश नील जल
सूरज भी तो झमका है
मौन जल हैं
चाल कम है ।।

ऊधर दो किनारे झड़े हैं
बृक्ष लता भी अड़े हैं
चट्टानें पत्थर कंकर टूटे हैं
सफेद झाग है
चाल तेज है ।।

मीन हीन कहां जल है
गहरे पानी बैठ अजगर है
करता शिकार अपना बह यहीं है
गम्भीर मन है
तूफान भी है ।।

नदिया तो इक नार है
बहते जल की धार है
सावन मन की छाया है
तन मन अपने में
मस्त हवा हैं ।।

मत तुम यूं मस्त रहना नार पर
कुछ थोड़ा समझ लेना किनारे पर
हृदय में बैठा काल भी है
जीवन थोड़ा है
हम मानव हैं ।।

प्रेम का नशा

रस भरी आवाज उधर से आती है
मौन मौन तुम रहती हो
क्या नींद खुली नहीं
अब तो प्रभात है ।।

ये परींदे आवाजें भर रहे हैं
चिडिया भी गा चली
जाग जाग जल्दी
देखो धूप है ।।

ओ मतवाली क्या आलसता है
बोलो थकी हो काम से
उठो बैठो जल्दी
तेरा बाल जगा ।।

रात लम्बी थी जरुर आज की
पर नींद भर सो पाई नहीं थी
वे अपने आये थे आज भी
बातों में सुला गये ।।

स्वप्न आया था इस प्रभात ही
मत तुम उठना आज जल्दी
नींद भर सोये रहना
उठायेंगे वे आ के ।।

नींद कहां थी यह घेर था
सखी, मन भेरे वे आये थे
पर सूरज आया
मैं उठी अभी ।।

प्रेम पीडा में दिन रात क्या
मद मस्त है नशा भरा
दिन का आना भला नहीं
समझा नींद भर सो लें ।।

रुप की देवी हो तुम

मस्त भ्रमर भटके रहते
पर जाल तेरा नहीं जाने
वह मस्त जवानी क्या जाने ॥

गाते गीत खग गण तेरा
मोर नाचते जब होता सवेरा
तूँ हंसती जाती देख सवेरा
पर तेरा भेद कौन जाने
हरि हरयाली कहाँ रही
अब जल कण मोती बने
हर जगह है चाँदी जडी
पर तेरा जादू कौन पहचाने ॥

अब सूरज प्रभात का निकला
किरण जाल इस धरा आ पड़ा
तब तूँ कहाँ चली जाती हो
यह भेद तूँ ही प्रभात जाने ॥

है भरते आवाज खग वृन्द भी
गाते गीत स्वर लय ताल में
जाग जाती जगती सारी सुन राग
मानो हो रहा हो स्वागत गान ॥
तूँ देवों की हो देवा
तूँ दिनकर की हो आभा
ओ देवी क्यों रुठी हो
यहाँ प्रभात आती है सदा ॥
रात का तम है टालती
ज्ञान भण्डार की दाता
मौन मौन सब दीखते
सत्य ही तूँ है जग गाता ॥

मुसाफिर

शौक शौक में जग छाना
तेरा एक नहीं यहाँ ठिकाना
भुखा प्यासा भटका राही
मजिल तेरी का अन्त नाहीं ।।

हर पडाव रुकता जाता
प्रीत की रीत सिखाता जाता
प्यार भरी बातें दो चार करता
सब के मन में बस तूं जाता

एक धोती कुदता साफा पहन चला
हाथ लठ पीट, गठड़ी पीठ लठ कोप
ज्ञान की माला गले लटकाये है
ओं मुसाफिर तेरा सफर लम्बा है ।।

भेद भाव नहीं तेरे मन मुसाफिर
तेरा सारा जग है अपना घर
रमण भ्रमण में मस्त मुसाफिर
मेर तेर से दूर है मुसाफिर

हर ग्राम नगर तूं रमा मुसाफिर
घर-2 डंका बजा तेरा मुसाफिर
रेल मोटर, साईकल नहीं साथी तेरे
तूं पैदल मार्च सदा करता चल ।।

पढ़ा लिखा तूं नज़र आता है
सभी बोलियों का ज्ञाता लगता है
क्या पंजाब, बंगाल कश्मीर है
तेरा सारा भारत इक देश है ।।

तीर्थ तेरे अपने घूमे फिरे हैं
नानक कबीर बुद्ध सा तूं है
प्यार कराना तेरा धर्म है
बिश्व बन्धुता का ज्योति सतम्भ हैं ।।

ओ बनो तुम मुसाफिर
इस जग को समझो घर
कौन हिन्द कौन सिख इसाई
सभी हैं मानव की सन्तान ।।

वनो मानव दानवता छोड़ो
देश प्रेम से आगे विश्व जन वनों
कौन है दुश्मन मानव मानव का
हम हैं मुसाफिर इस जग के ।।

जुदाई का आनन्द कैसा

रस रागनी रंग में झड़ने लगी
वीणा भी तो झूम-झूम वजने लगी
ताल तवले पर धम धमा लगी
ऊधर वांसुरी मधुर गान करने लगी ।।

अरि वेसवर, क्यों ऊधर ताकने लगी
मधुरे रंग राग में नहीं नाचने लगी
धीरज कहाँ अब सुन्दरी काँपने लगी
अब तो व्यथा विरह जाग-2 बढ़ने लगी ।।

मन में वह प्रीतम नजर आने लगा
झट से आंखों से नीर टपकने लगा
हाल वेहाल थी सुन्दरी झट गाने लगी
स्वर ताल लहरों में फिर बजने लगा ।।

इधर भौरे ने समझा फूल मुखड़े को
आ आ वह भी मुख चूमने लगा
भूला भटका वह गया उसी पास था
व्यथा रोग विहरणी होगा दो गुना था ।।

सुन, देख व्यथा रोग प्रेम में पला
यूँ वाक् युद्ध हुआ जारी गान में
यह देख सुन लोग मौन थे वेठे
यूँ राग में वह भी गा चली ।।

जो मजा है इन्तजार में सदा
वह कहाँ मिलता संग में सदा
होगा मिलन तब राग कहाँ
तुम रहना दूर यही तो है मजा ।।

ठीक कहते यहाँ ज्ञानी जन है
है मज़ा जुदाई में सदा
है [illegible] मजा मिलाई में
ओ दूर रहो आनन्द यही है ।।

भारत भू गान

तन मन धन अर्पण तुझे
भारत भू विश्व तीर्थ स्थली ।।
छह ऋतुओं का आगमन सदा
कभी वर्षा कभी बसंत भी सजा
शरदी गरमी फिर पतझड़ का मजा
रंगीन धरा रंगीन घटा यहाँ धरा ।।

नदियां ये पर्वत्तों, जंगलों की छटा
मैदानों में अन्न धन का भण्डार भरा
धरती पर हर जगह सोना ही सोना
विश्व व्यापी धर्मो की जननी तेरी धरा ।।

गोदी में तेरी खेलते जीवधारी
लूटते हैं मधु रस गोदी में पडे
फल फूल से सजी यह धरा
हर मौसम में देती नई अदा ।।

बोलियों हजारों सैंकड़ों भाषा में
बीसों धर्म हैं यहां आत्म ज्ञान देते
ज्ञान कला विज्ञान उद्योग यहाँ भरा
पुत्र हम हैं एक माँ के जने ।।

हर रंग रुप में हम बने
पहनावा भी अलग-अलग धरा
गाते गीत हम एक ही भाव के
चाहे भाषा बोली हो अलग 2 सी ।।

जो कश्मीर में रचा ग्रन्थ ज्ञान का
वही बंगाल में बना ग्रन्थ भाव का
पंजाब गुजरात, मध्यप्रदेश दिल्ली
बाम्बे सभी अलापते एक भाव को ।।

दूर हम दिल से कहाँ रहते
हिन्दू, सिख, इसाई, बौध सभी
मिल-—जुल कर काम करते
एक देव को ही हम आराधते ।।

गौरव गाथा हम वीरों की गाते
एक तिरंगे के नीचे हम जागते
जगते जागते हम वीरों को नित
वीर पुरुषों की गाथायें गा के ।।

विश्व बन्धुता साकार यही खड़ी
भारत माँ तेरी धरती बड़ी
गाथे हम नित गीत भारती
सभी मिल जुल कहलाते भारती ।।

मंहगाई क्यों

बढ़ती मंहगाई का हिसाव कर लो
अपनी कमाई पर ज़रा ध्यान कर लो ॥

आटे, दाल, चावल का इन्तजाम कर लो
तेल, नमक और मिर्च पर कन्ट्रोल कर लो
मसाले, खांड, घी, में कमाल कर दो
लकड़ी, कोयले, का कन्ट्रोल ही कर लो
बढ़ती मंहगाई का हिसाव कर लो

दूध, खोआ और मिठाई का दूर से ध्यान कर लो
सब्जी मेवा का नामो निशान मिटा दो
चाय पान और मद्य पान पर ध्यान कर लो
थोड़ा मस्ती में राग रंग का आनन्द कर लो ॥
बढ़ती मंहगाई का हिसाब कर लो

कपड़ा टैरालीन ही तुम हरदम पहनो
सूती कपड़े का तुम वायाकाट कर दो
वूट सूट का पूरा इन्तजाम कर लो
तेल कड़वा न हो तो पौडर क्रीम खरीद लो
बढ़ती मंहगाई का हिसाब कर लो

सिगरेट, बीड़ी, पान का अब काम है
ज़रा रुक रुक कर ध्यान कर लो
बुद्धि विकास में कमाल कर लो
ज़रा दो कस लगाकर हराम कर लो
बढ़ती मंहगाई का हिसाब कर लो

सैर सपाटा दौड़ धूप है बहुत भारी
काम काज में ध्यान होना दु:ख भारी
गुरु, माता-पिता करते उलट रटाई
छोड़ो घर बंगले, बिदेश में करें कमाई
बढ़ती मंहगाई का हिसाब कर लो

बच्चे बिचारे, बीबी रटे सूट बूट
खान पान नित नूतन तेल तलाई
दूध घी तो मंहगा पड़ता करता मैल मलाई
शरीर पुष्ट कहां अब तो औषधालय खुल जायें भारी
बढ़ती मंहगाई का हिसाव कर लो

मद अन्धता से हट जा भाई
विदेश की नकल न करना तुम अब
स्वदेशी रहन-सहन सीखना मत भूलो तुम
स्वावलम्वी बन कर जीना सीखो
बढ़ती मंहगाई का हिसाब कर लो
अपनी कमाई पर जरा ध्यान कर लो

बिजली चमकी क्यों

काले बादल में ज्वाला और प्रकाश
धमाके से दिल तोड़ यह आवाज
क्या यही देव तेरा सुख धाम
मौन खड़ा क्यों, अब दे जवाब
बिजली चमकी क्यों ।।

रात का यह काला भयानक रूप
फिर यह काला बादल भी इस रूप
क्या यही देव तेरा अपना स्वरूप
बोल, क्यों फिर बिजली कडकी
बिजली चमकी क्यों ।।

रीत तेरी देव बहुत पुरानी यही है
बादल में सदा बिज़ली का घर है
वर्षा से शान्त करता धरा को है
पर क्यों यह तेरा ठाठ बाठ है
बिजली चमकी क्यों ।।

हर जोश में ताकत नज़र आती है
गरजन में भी कुछ भावना होती है
डराना, धमकाना चाहता तूं सदा है
पर सब को सुखी बनाना चाहता है
बिजली चमकी क्यों ।।

काले बादल में बिजली रहती है
चमक-चमक जग को जगाती है
उठो ज़रा तेज हो जाओ तुम ज़रा
सब में प्रकाश, भलाई संदेश
बिजली चमकी क्यों ।।

अपने जो होते, होते हित चाहक हैं
डराते धमकाते बड़े जोर से हैं
पर दिल तो उदार भाव होते है
यही बादल तेरे उदार उद्‌गार हैं
बिजली चमकी क्यों ।।

दे रही सन्देश यह चमकती ज्वाला
ओ आदमी तूं समझ ले महानता
काले बादलों की चमक में है ज्वाला
नष्ट भ्रष्ट है दु:खद सभी आपदा
बिजली चमकी क्यों ।।

भारती कवीले

रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

रहते उस घर हैं
जहाँ भूखे नंगे रहते हैं ।।

दीन हीन का वसेरा है
दो दिन का जीवन है
हर प्रातः शुभा में ढ़लती है
रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

वसन तन पर फटा है
रोते वाल सखावर हैं
शिक्षा दीक्षा कहाँ है
यहाँ जीना पड़ा है
रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

देखें जीवन में सुख क्या है
वच्चे घर में पाँच सात हैं
कवीले में रहना जीवन है
यही सुख है
रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

तम्बू ताने फटे पुराने हैं
चिथड़ों में लिपटे रहते हैं
बेकारी लाचारी, हैं
कमाते क्यों हैं
रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

नित रोटी कमाते भीख से है
कुछ वचता नहीं हिसाव में
नशा कभी करते हैं
गमगीन रहना नहीं जानते
रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

पेट भराई केवल धन्धा
भर नींद ये सोते हैं
प्रातः से शाम भीख माँगते
फिर रात का विश्राम कर ले
यह एक जीवन है
रुप की आभा क्या कहिए
जहाँ जग मग होती है ।।

नारी

नारी तूँ नर संगनी हो
जादूगर तूँ हो
कौन जग में अभागा नर है
जो नारी ने न कसा होगा ।।

नारी सुख धाम सजाती
कभी क्रोध में दावा नल भडकाती
कौन समाज जहाँ नारी नही
बिन नारी रंगीनता कहाँ रहीं ।।

कहते कई विष प्यालो इसे
ज़हर भरी साँपनी इसे
पर यहाँ तो जग माता भी है
जगती वसी जब नारी है ।।

बोली फिर क्यों दागी है
जौंहरे नारी के गजब के हुए
मर्द बन मातृ भूमि पर मिटी
झाँसी वाली वह रानी मर्दानी थी ।।

मीराँ रटत निज भजन में थी
बोलो फिर कहाँ नारी पीछे थी
विष काली नारी वनी सभी
जब भोग वस्तु समझी गई ।।

निरादर हुआ जब नारी का यहाँ
तब नारी ज़हर भरी साँपमी बनी
नारी बिन जग सूना रहेगा
नारी लक्ष्मी रुप मानी गई ॥

महिला शव्द भी नारी मिला तुझे
ओ नारी तूँ ज्ञान दिव्य बनी हो
तूँ मर्द की सहचारी सदा रहती हो
जग कर्त्ता जग हरता डर हो है ॥

तेरा स्थल कहाँ खाली है
तूँ इस धरा की पालक है
माता स्त्री, वहिन बनी जग में है
फिर तेरा सब जग अपना हैं ॥

भारत बन्दना

ओम ओम मंत्र गूंजा
ज्ञान पुंज यहाँ चमका
ध्यान मगन थे हम जन
तेरे चरणों तले सागर है
धोता नित तेरे चरण

सिर चाँद मुकटे सजा
हिम पहाड़ हिमालय चला
देख जन मन भूला
हम उतारे तेरी आरती ।।

गंग नीर छः ऋतुओं की समीर
जननी तूं बहु रंग है ढ़ली
खेल रही कुदरत यहाँ अरि
सजी है तेरी अपनी रंग स्थली

देख देख दुर्जन होर
भेष में हम सब न्योर
पर अब्ल धर्म डाक है
तूं जननी हम सब की है ।।

गाते गीत विहगं तेरे
प्रभात वेला हैं नहीं सितारे
उजड़ी बस्ती कहाँ यहाँ है
रात की बेला अब नहीं

ओ माता हम बाल तेरे
गीत तेरे गाये सदा
मिटे न तेरी वस्ती सदा
तभी होगी शक्ति हमें सदा

दे दे वरदान ओ माता
ज्ञान भण्डार बढ़े हमारा
विश्व उतारे हमारी आरती
हम गाते रहें तेरी आरती ।।

I. I. A. S. LIBRARY

Acc. No.

This book was issued from the library on the date last stamped. It is due back within one month of its date of issue, if not recalled earlier.

मुद्रक:- अजय प्रिन्टर्ज़, सरकाघाट

किशोर ज्योति

निवेदन

यह किशोर ज्योति काव्य रचना सौ कविताओं के रुप में स्व-रचित रचना है। यह संस्करण मैं अपने स्वर्गीय परम पूज्य पिता प० प्रभु राम जी की यादगार में प्रकाशित कर रहा हूं। इस काव्य रचना में प्रकृति वर्णन, देश प्रेम, विश्व बन्धुता और भक्ति भावना सम्बन्धी कवितायें लिखीं गई हैं। हर एक कविता में एक भावना व शिक्षा अवश्य विद्यामान हैं। कवितायें स्वछन्द रुप में लिखी गई हैं अलंकार और छन्द कविताओं में कम बन्धे हैं। लय ताल स्वतः ही बन पड़ा है। यह कवितायें स्वतन्त्र रुप से नवीनता में झलकती नज़र आ रहीं हैं जैसा वाणी में शब्द और वाक्य लय, ताल में गुंज पड़ा वह लिख डाला है। विद्वान साहित्यकारों की कसौटी पर कैसी यह कवितायें उभरेंगी इस का निर्णय अध्ययन करने पर ही लग सकेगा। पाठ[illegible] काफी प्रयास के उपरान्त भी कमी रह गई [illegible] जायेगा। मुझे त्रुटियों के प्रति अवश्य [illegible] के अधीन है। मुद्रक के अथक परिश्रम क[illegible] लिये मैं अजय प्रिंटर्ज, सरकाघाट को [illegible]

Library IIAS, Shimla
H 811.8 Sh 23 K
G1261

निवेदक व लेखक :—

किशोरीलाल शर्मा (गर्ग गोत्री)

भाषा अध्यापक
गवर्नमैन्ट हाई स्कूल, भाम्बला

सपुत्र प्रभु राम शर्मा, ग्राम मठ,
डाक खाना बलद्वाड़ा

जिला मण्डी (हि. प्र.)